दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंकः-308
मुरादाबाद
01 March 2025
(Saturday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## माणा कैंप के पास भारी हिमस्खलन में दबे 57 मजदूर, 15 को बाहर निकाला, अन्य की तलाश जारी

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि माणा और माणा पास के बीच हिमस्खलन होने से मजदूरों के दबने की सूचना है। एयर फोर्स से मदद मांगी जा रही है।। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बीच शुक्रवार को भारत-चीन (तिब्बत) सीमा क्षेत्र में माणा कैंप के पास भारी हिमस्खलन हुआ है। इस दौरान वहां निर्माण कार्य में लगे 57 मजदूर बर्फ में दब गए। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि अब तक 15 मजदूरों को निकाल लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है।क्षेत्र में मौसम खराब होने के चलते संचार सेवा ठप पड़ी



है। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि माणा और माणा पास के बीच हिमस्खलन होने से मजदूरों के दबने की सूचना है। एयर फोर्स से मदद मांगी जा रही है। सेना, आईटीबीपी रेस्क्यू में लगी है। एनडीआरएफ की टीम को भी मूव कर दिया गया है। लोगों को आई रैणी आपदा की याद चमोली में हिमस्खलन की घटना ने साल 2021 में चमोली के रैणी में ग्लेशियर टूटने से आई आपदा की याद दिला दी। तब ग्लेशियर टूटने से ऋषिगंगा में बाढ़ के कारण 206 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, कई अब भी लापता है।

## एससी आयोग में दो अहम पद खाली, सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का सबूत, राहुल गांधी का बड़ा हमला

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत देखिए! दलितों के अधिकारों की रक्षा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को जानबूझकर उपेक्षित कर दिया गया है - इसके दो अहम पद पिछले एक साल से खाली पड़े हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में दो अहम पद खाली हैं, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को जल्द से जल्द आयोग के सभी पद भरने चाहिए, ताकि यह दलितों के अधिकारों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी प्रभावी रूप से निभा सके। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आयोग के उपाध्यक्ष तथा एक सदस्य का पद रिक्त है।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, %भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत देखिए! दलितों के अधिकारों की रक्षा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति



आयोग को जानबूझकर उपेक्षित कर दिया गया है - इसके दो अहम पद पिछले एक साल से खाली पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसे कमजोर करना दलितों के संवैधानिक और सामाजिक अधिकारों पर सीधा हमला है। राहुल गांधी ने सवाल किया कि आयोग नहीं तो सरकार में दलितों की आवाज कौन सुनेगा? उनकी शिकायतों पर कार्रवाई कौन करेगा? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी, जल्द से जल्द आयोग के सभी पद भरे जाने चाहिए, ताकि यह दलितों के अधिकारों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी प्रभावी रूप से निभा सके। इससे पहले देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है, तब आधी रात को नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का फैसला लेना प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के लिए अपमानजनक और अशिष्ट है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पत्र साझा करते हुए पोस्ट में लिखा था कि अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए हुई समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया था कि कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। विपक्ष के नेता के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबासाहब आंबेडकर और हमारे राष्ट्र निर्माताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जवाबदेह ठहराऊं।

### संक्षिप्त समाचार



## राज्यपाल आनंदी बेन ने किए रामलला के दर्शन

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल दो दिवसीय अयोध्या दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार सुबह रामलला के दर्शन-पूजन किए। अयोध्या में वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी।उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार सुबह रामलला के दर्शन किए। राज्यपाल दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या में हैं। पहले दिन विद्या कुंड और सीता कुंड का अवलोकन किया था साथ ही विश्वविद्यालय में छात्र छात्राओं की भित्ति प्रदर्शन को देखा था।राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में ही रात्रि प्रवास किया। शुक्रवार सुबह वह रामलला के दरबार में पहुंची और दर्शन पूजन किया। इसके बाद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह के दौरान जिले के 501 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्कूल प्री स्कूल किट सौंपेंगी।

## पीएम मोदी बोले- भारत और ईयू की स्वाभाविक रणनीतिक साझेदारी, साल के अंत तक एफटीए पूरा होने की उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच स्वाभाविक और प्राकृतिक साझेदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक एक मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। भारत और ईयू ने ग्रीन हाइड्रोजन फोरम और अंतरिक्ष संवाद शुरू करने का निर्णय लिया हैप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच साझेदारी की सराहना की। उन्होंने इस साझेदारी को स्वाभाविक और प्राकृतिक करार दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत और ईयू के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) इस साल के अंत तक हो सकता है। हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ बैठक के बाद संयुक्त प्रेस बयान में प्रधानमंत्री ने कहा, हमने कल विभिन्न मुद्दों पर ईमानदार और सार्थक चर्चा की। हमने अपनी टीमों से पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए पर काम करने और इसे इस साल के अंत तक पूरा करने के लिए कहा है।पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ईयू के बीच साझेदारी को बढ़ाने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा, यह न केवल यूरोपीय आयोग की पहली भारत यात्रा है, बल्कि यह किसी देश में यूरोपीय आयोग की पहली ऐसी व्यापक भागीदारी भी है। यह यूरोपीय आयोग के नए कार्यकाल की शुरुआती यात्राओं में से एक है। मैं उन सभी का भारत में स्वागत करता हूं। लोकतांत्रिक मूल्य, साझा प्रगति और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता- उन्होंने कहा, भारत और ईयू के बीच दो दशकों से स्वाभाविक और प्राकृतिक रणनीतिक साझेदारी है और इनकी विश्वास व लोकतांत्रिक मूल्य, साझा प्रगति और समृद्धि के प्रति साझा





प्रतिबद्धता है। इसी भावना में आज और कल 20 मंत्री स्तरीय वार्ताएं हुईं। हमने विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर ईमानदार और सार्थक चर्चाएं की हैं। हमारी साझेदारी को बढ़ाने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, हरित विकास, सुरक्षा, कौशल पर सहयोग के लिए एक खाका तैयार किया गया है। ग्रीन हाइड्रोजन फोरम और ऑफशोर विंड एनर्जी बिजनेस समिट आयोजित करने का होगा आयोजन- प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भारत और ईयू ने अंतरिक्ष संवाद शुरू करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों ने ग्रीन हाइड्रोजन फोरम और ऑफशोर विंड एनर्जी बिजनेस समिट आयोजित करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा, हमने निवेश संरक्षण और जीआई समझौते पर आगे बढ़ने पर चर्चा की है, ताकि निवेश ढांचे को मजबूत किया जा सके। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में एक भरोसेमंद और सुरक्षित मूल्य श्रृंखला हमारी साझा प्राथमिकता है। हम सेमीकंडक्टर, एआई और 6जी में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए हैं। हमने अंतरिक्ष संवाद शुरू करने का भी निर्णय लिया है। पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था का संतुलन हमारी साझा प्रतिबद्धता रही है और इस दिशा में हमारा मजबूत सहयोग है। हमने ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी बिजनेस समिट आयोजित करने का भी निर्णय लिया है।%साइबर सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियान में बढ़ेगा सहयोग%- पीएम मोदी ने कहा कि सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हमारा बढ़ता सहयोग आपसी भरोसे का प्रतीक है। भारत और ईयू साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान और समुद्री सुरक्षा पर सहयोग करेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) वैश्विक व्यापार, सतत विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने वाला इंजन साबित होगा। अगले स्तर पर ले जाएंगे व्यापार और तकनीकी सहयोग- ईयू प्रमुख -वहीं, संयुक्त प्रेस बयान के दौरान वॉन डेर लेयेन ने कहा, हमें अपने व्यापार और तकनीकी सहयोग को अगले स्तर पर ले जाना चाहिए। हम जानते हैं कि विकास और आर्थिक सुरक्षा एक साथ चलते हैं और जिन उत्पादों की हमें आवश्यकता है, उन्हें विश्वसनीय साझेदारों से हासिल करके हम नुकसान पहुंचाने वाली निर्भरता से बचते हैं और मजबूत अर्थव्यवस्था बनाते हैं। मैं डिजिटल तकनीकी पर फोकस करना चाहती हूं, जिसमें आप (भारत) उत्कृष्ट हैं। हम इस भरोसे को साझा करते हैं कि तकनीकी लोगों की सेवा करती है। आपने (प्रधानमंत्री मोदी) पेरिस में एआई सम्मेलन में कहा था कि एआई मानवता का कोड लिख रहा है और आपने बिल्कुल सही कहा था। उन्होंने कहा, दिसंबर में पदभार ग्रहण करने के बाद हमारी यह यूरोप के बाहर पहली यात्रा है। यह दिखाता है कि हम अपनी साझेदारी को कितना महत्व देते हैं। हम इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं। भारत एक समान विचारधारा वाला मित्र है। हम दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और आपके नेतृत्व में यह फल-फूल रहा है। हमें एक नए रणनीतिक एजेंडा पर काम करने के लिए सहमत होना होगा और मै तीन मुख्य मार्ग देखती हूं। सबसे पहले हम आर्थिक विकास पर एक साथ काम करेंगे। संभावनाएं अपार हैं। यूरोप पहले से ही भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अब, हमने अपनी टीमों को इस गति को बढ़ाने और साल के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का काम सौंपा है। हमें अपनी व्यापार वार्ताओं से बहुत उम्मीद है।

## रालोद ने सपा पर लगाया हिंदी विरोध का आरोप, राहुल - अखिलेश से मांगा जवाब, विधान परिषद स्थगित

यूपी में विधानमंडल सत्र के दौरान रालोद ने सपा पर हिंदी भाषा का विरोध करने का आरोप लगाया है। रालोद नेताओं ने मामले पर राहुल गांधी व अखिलेश यादव से जवाब की मांग की है।यूपी विधानसभा सत्र के दौरान शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों ने सपा व कांग्रेस पर हिंदी भाषा का विरोध करने का आरोप लगाया और उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस पर जवाब देना चाहिए। वहीं, विधान परिषद की कार्यवाही को तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।यूपी सरकार के मंत्री अनिल कुमार ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि राष्ट्रीय लोकदल ने तमिलनाडु (डीएमके) के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर हिंदी विरोध के खिलाफ आवाज उठाई! लेकिन क्यों चुप है इंडी गठबंधन के बड़े साथी राहुल गांधी जी और अखिलेश यादव जी,अपनी स्थिति स्पष्ट करे। उत्तर प्रदेश की



24 करोड़ हिंदी भाषी जनता से अपील- अपनी भाषा, संस्कृति और सम्मान के लिए हमारे साथ आएं।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन गुरुवार को एक्स पर कहा कि क्या आपने कभी सोचा है कि हिंदी ने कितनी भारतीय भाषाओं को निगल लिया है? भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, खरिया, खोरठा, कुरमाली, कुरुख, मुंडारी और कई अन्य भाषाएं अब अस्तित्व के लिए हांफ रही हैं। एक अखंड हिंदी पहचान के लिए जोर देने से प्राचीन मातृभाषाएं खत्म हो रही हैं। यूपी और बिहार कभी भी हिंदी गढ़ नहीं थे। उनकी असली भाषाएं अब अतीत की निशानी बन गई हैं। तमिलनाडु इसका विरोध करता है क्योंकि हम जानते हैं कि यह कहां खत्म होगा? शिक्षामंत्री और तमिलनाडु की सीएम के बीच विवाद जारी- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बीच बीते कई दिनों से जुबानी जंग जारी है। बीते दिनों राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तमिलनाडु में लागू करने से स्टालिन के इनकार पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नाराजगी जाहिर की थी। वहीं स्टालिन, केंद्र सरकार पर जबरन राज्य में इसे लागू करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने राज्य पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। केंद्र सरकार ने खंडन किया है। शासन स्तर पर विचार चल रहा है।

## संपादकीय Editorial

### Shagun to Red Cross

When a news smiles amidst the wounded headlines of newspapers, the silence of the society breaks. When the closed files of the government smile, the gardens of hope grow on the map of democracy. When the march of public awareness begins on the announcement of Akashvani, the steps of the nation move miles ahead. When a news put its hand on the shoulders of Himachal, golden chapters of social background opened up. On the coming 2nd March, in Ukhli of Hamirpur, a mother will put all the shagun of her daughter's wedding in the bag of Red Cross. This is a vow and desire of its own kind, which will change the style and ballads of traditions. The ceremony of marriage has now become like a social feat in its peak performance, but the affection of a mother Seema Sharma's Aanchal has given shelter to the social objective of Red Cross. The praise of this unique effort strengthens the entire society by connecting it with the broken mirrors. This is because the Red Cross, which usually paid its due in the words of the applications, will adorn itself with the auspiciousness of marriage on 2nd March, i.e. a mother's love adopted the Red Cross Society. There have been many such donors in Himachal and even today these efforts are continuing unabated. Through the relief fund of Divya Himachal, there has been a shower of money from the people for many operations, helping hands in disasters and building such a shelter in the name of Himachal Sarai in Haridwar, but such a concept of donation on the auspicious occasion of marriage is strengthening the spirit of the nation in the society. In an era when governments are competing in the mere distribution of Revdi campaign and where the whole society is in the class of becoming a beneficiary, there the lamp of donation in the hands of Seema Sharma is paving a new path. It is surprising that people have started flaunting their wealth for black magic, feeding bread to monkeys or fulfilling the wishes of fake sadhus, but Ukhli ki Dham is handing over all the gifts to an organization like Red Cross, which is engaged in serving the oppressed society. Meanwhile, if we pick the black headlines of the news, we will find obstacles in every responsibility, every duty and every scenario. Now, in cases of fraud, agents of our own society will be found everywhere. The case of loan robbery in Kangra Cooperative Bank proves that robbers are being born in Himachal too and how they can use the amount of twenty crores. The illegal occupation of about forty-forty five kanals of land of the Regional Study Center of Himachal Pradesh University in Dharamshala by 20-22 people proves that the guards have become weak to snatch. This same society now sells crime and drugs in the shop of money. The list of headlines about chitta tells that how many influential people are collecting money by making holes in the lives of the youth. In such a situation, news of relief and a happy message should be welcomed. Amidst the increasing losses of HRTC, you will find many drivers and conductors who did not take a single day off, while in the field of education, you will find such teachers who do not study, but make the examination results a means of cheating. Who knows when and where the government money passes through the sieve of social expectations, but in the absence of public cooperation and community spirit, our stoves have now become free ration, entire villages have now become speeches of politics. The neighborhoods of the village have now become lonely, while in the fair of leaders, the civil society is just standing with folded hands. The entire system is stagnant, uncomfortable, helpless and all around there is such an expansion where the role of society is missing or moving towards nothingness. Anyway, amidst these wounded headlines.

# Maha Kumbha heralds the change of era, gives the message of a new chapter of India's development journey

When the consciousness of a nation awakens and it breaks all the shackles of the mentality of slavery of hundreds of years and starts breathing in the air with new consciousness, then a similar scene appears as we saw in the Maha Kumbha of unity in Prayagraj since January 13. On January 22, 2024, at the Pran Pratishtha ceremony of Ram temple in Ayodhya, I had talked about patriotism with devotion to God. During the Maha Kumbha in Prayagraj, we witnessed the awakened consciousness of the country. In this region of Teerthraj Prayag, there is also Shringaverpur, the holy region of unity, harmony and love, where Lord Shri Ram and Nishadraj met. That incident of their meeting is also like a confluence of devotion and harmony in our history. This pilgrimage still inspires us to have unity and harmony. Organizing the Maha Kumbha in Prayagraj has become a subject of study for the management professionals, planning and policy experts of the modern era. There is no comparison to such a huge event in the world. It was very pleasant to see that a very large number of the young generation of India reached Prayagraj. This strengthens the belief that the young generation of the country is the carrier of our values ??and culture and understands the responsibility of taking it forward and is also determined and dedicated to it. The way so many people were welcomed after returning from Kumbh and the way the society bowed their head with respect to them is unforgettable. This has never happened before in the last few decades. It laid a foundation for the centuries to come. If more devotees than imagined reached Prayagraj and new records were made, then one reason for this was that the administration had estimated it by looking at the old experiences. Nearly twice the population of America participated in the Maha Kumbh of unity. When spiritual researchers will study this enthusiasm of crores of Indians, they will find that India, which is proud of its heritage, is now moving forward with a new energy. This is the sound of the change of era, which is going to write the new future of India. For thousands of years, in every Purna Kumbh, the sages and saints used to deliberate on the circumstances of that time for 45 days and the society and the country used to get new guidelines. After this, the circumstances and guidelines were reviewed in Ardh Kumbh every six years. By the time 12 Purna Kumbhs were held, i.e. after a gap of 144 years, the guidelines and traditions that had become outdated were abandoned and new traditions were created. This Maha Kumbh also gave the message of a new chapter in India's development journey. This message is of a developed India. Just as Shri Krishna had shown the universe in his mouth to mother Yashoda in the form of a child, similarly, in the Maha Kumbh, Indians and the world saw the huge form of India's power. Now we have to move forward with this power to fulfill the resolution of a developed India. This is such a power of India, about which our saints had awakened the spirit in every corner of the nation during the Bhakti movement and Vivekananda, Sri Aurobindo etc. had made us aware about it. Gandhiji had also felt this. If we had realized the immense form of this power of India after independence and had directed it towards the welfare of all, the happiness of all, then it would have become a great power for India coming out of the effects of slavery, but we could not do this then. I am satisfied and happy that this power of the people is now uniting for a developed India. When I went to Kashi for the elections, I had said - Maa Ganga has called me. There was also a sense of responsibility in this, regarding the purity and cleanliness of our mother rivers. At the confluence of Ganga-Yamuna-Saraswati in Prayagraj too, my resolve became stronger. Whether the river is small or big, considering every river as a symbol of life-giving mother, we must celebrate river festival. Maha Kumbh has inspired us to keep our rivers clean. I know that such a huge event was not easy. I pray to Maa Ganga, Maa Yamuna, Maa Saraswati... O mother, if there is some shortcoming in our worship, please forgive me. For me, the public is the form of God. If we have fallen short in serving the devotees, then I also seek forgiveness from the public. The responsibility of serving the crores of people who became a part of the Maha Kumbh filled with devotion was fulfilled only by the power of devotion. Being an MP from UP, I can proudly say that under the leadership of Yogi ji, the government, administration and the public together made this Maha Kumbh of unity a success. Be it the center or the state, there was no ruler or administrator here, everyone was a servant filled with devotion. Our sanitation workers, policemen, boatmen, drivers, food cooks, everyone made the Maha Kumbh a success with full devotion and service. The service that the residents of Prayagraj did to the devotees by facing many problems is incomparable. I express my gratitude and congratulate all the residents of Prayagraj and the people of UP. Seeing the scenes of Maha Kumbh, my faith in the bright future of the nation has strengthened manifold. The way 140 crore countrymen made the Maha Kumbh of unity in Prayagraj a great identity of today's world is amazing. Overwhelmed by this, I will soon go to visit Shri Somnath, the first Jyotirlinga out of the twelve Jyotirlingas, and will pray for every Indian while dedicating the Sankalp Pushp of devotion. The physical voice of Maha Kumbh The Maha Shivratri has been completed, but I am sure that like the uninterrupted flow of Maa Ganga, the flow of spiritual consciousness and unity of Maha Kumbh will continue to flow. For thousands of years, in every Purna Kumbh, the sages and saints used to churn the circumstances of that time for 45 days and the society and the country used to get new guidelines. After this, the circumstances and guidelines were reviewed in Ardh Kumbh every six years. By the time 12 Purna Kumbhs were held, that is, after a gap of 144 years, the guidelines and traditions that had become outdated were abandoned.

# CPM's changed tone means an indicator of a big political change

Assembly elections are due in Kerala in 2026, while Bihar will have them this year. Bihar's opposition front includes both Congress and Left parties. CPM's pro-BJP stance in Kerala can have an impact in Bihar as well. If BJP propagates the narrative of Vijayan's changed stance, then Congress can put pressure on CPM to clarify its new stance in coalition politics. The country's leftist politics has been proclaiming from every possible platform that BJP and Rashtriya Swayamsevak Sangh are communal and anti-social. It has also been using the adjective fascist for BJP. Now it seems that its old thinking about BJP has started changing. The Kerala unit of CPM, a major component of the Left Front, recently surprised everyone by saying in a note under the leadership of Chief Minister P. Vijayan that it does not consider the Modi government to be fascist or neo-fascist. CPM's Central Committee member from Kerala, R. Balan, has also openly said that his party never called the BJP government fascist. Interestingly, the leftist stream is also one of the pivots of the opposition front INDIAA, formed to stop Prime Minister Narendra Modi and BJP. In such a situation, when its main unit CPM starts changing its old opinion about BJP, then it is natural for a debate to take place. Former Kerala Congress President Ramesh Chennithala sees the future of Congress in the state in jeopardy due to this stance of CPM. He was quick to say that this note of CPM is a strategy to gain the support of BJP-supporting voters in the next assembly elections of Kerala. CPI i.e. CPI has also objected to the changed tone of CPI(M). Amidst this political storm, important leader of Kerala Congress Shashi Tharoor has also become rebellious. In such a situation, it is natural for Congress to be more worried. CPM's latest stance on BJP may be unpleasant to a large section, but this is not happening for the first time. VP Singh's United Front government, formed after the anti-Rajiv Gandhi wave, was also supported by the Left Front along with BJP, in which CPM was the main component. Earlier in 1969, four parties led by Shiromani Akali Dal leader Gurnam Singh formed a joint front government in Punjab. It included 43 Akali Dal members, eight Jan Sangh (now BJP), four CPI and two CPM members along with two independent MLAs. Jan Sangh leader Balram Das Tandon was the Deputy Chief Minister of that government. Satpal Dang, a veteran of Punjab's leftist politics, became the Food and Civil Supplies Minister in the same government. Like Punjab, Congress was defeated in the 1967 elections in Bengal too. Then Bangla Congress, CPM, CPI and Jan Sangh formed a government together, which was led by Bangla Congress President Ajay Mukherjee. As long as Congress remained the pivot of politics, non-Congressism was a big issue for the opposition camp. Whether it was the Bengal government of 1967 or the Punjab government of 1969, the coming together of CPM and Jan Sangh in their formation was the result of non-Congressism. However, after Indira Gandhi, non-Congressism was not an issue for leftist politics in Indian politics, rather leftist politics was more comfortable in supporting Congress sometimes behind the scenes and sometimes openly. In fact, leftist politics has always been contradictory. The world's first elected leftist government was formed in Kerala in 1957 under the leadership of EMS Namboodiripad. It was dismissed by Nehru's government only two years later. Despite this, if we look at the ideological journey of the entire leftist politics, it seems to be an admirer of Nehru's so-called idealistic dream. Despite this praise, it remained the strongest opponent of Congress in Bengal, Kerala and Tripura. The left parties ruled for 34 years under the leadership of CPI(M) in Bengal. The left parties were also in power in Tripura. They are in power for the second consecutive time in Kerala. In the past, there has been a government of theirs and sometimes of the United Democratic Front led by Congress in Kerala. That is, at the local level, the politics of CPM has been centered on opposing Congress. PM Modi had given the slogan of Congress-free India. Now the note of the Kerala unit of CPM is seen as an extension of the Congress-free slogan in Kerala. The Sangh is powerful in Kerala and the leftists are its staunch opponents. This opposition has often taken a bloody form. There is a large group of Sangh-supported voters in Kerala. To defeat the Left Front, many Sangh-supported voters kept voting for the Congress front. Congress fears that Vijayan's new stance will increase doubts among Sangh-supported voters and it is possible that they may give up the idea of ????defeating the Left parties at any cost. This can change the politics of Kerala. Opposition politics can also change due to this stance of CPM. Assembly elections are in Kerala in 2026, while in Bihar it is this year. Congress and Left parties are also in the opposition front of Bihar. The pro-BJP stance of CPM in Kerala can also have an impact in Bihar.

# दिल्ली रोड पर विज्ञान पथ का मंडलायुक्त व महापौर ने किया उद्घाटन

## मिसाइल मैन ऑफ इंडिया पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की याद में नगर निगम की ओर से कराया गया है इसका निर्माण

मुरादाबाद। दिल्ली रोड पर बने विज्ञान पथ का शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर उद्घाटन मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और महापौर विनोद अग्रवाल ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की उपस्थिति में किया। मंडलायुक्त ने कहा कि यह स्मारक हमें देश के अत्याधुनिक मिसाइल तकनीक और इसके पुरोधा पूर्व राष्ट्रपति व



वैज्ञानिक भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम की याद दिलाती रहेगी। युवाओं को उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात कर देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि महानगर के प्रमुख मार्ग पर देश के ऐतिहासिक, सामरिक,धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संजोया गया है। विज्ञान पथ पर भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मूर्ति स्थापित की गई है। दिल्ली-मुरादाबाद-लखनऊ हाईवे पर स्थित यह स्मारक हमारे गौरवशाली इतिहास का परिचायक है। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी व नगर निगम के पार्षद आदि मौजूद रहे।

# महिला सिपाहियों का दर्द: टीआई बोलते हैं अभद्र भाषा.. मानसिक तौर पर करते हैं परेशान, रामपुर एसपी ने बैठाई जांच


मुरादाबाद।महिला सिपाहियों से अभद्रता के आरोप में ट्रैफिक इंस्पेक्टर के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। रामपुर एसपी शाहबाद और थानाध्यक्ष की है। जांच टीम



ने सीओ महिला टीम गठित की महिला कांस्टेबलों के बयान दर्ज कर रही है। महिला सिपाहियों से अभद्रता करने के मामले में टीआई (ट्रैफिक इंस्पेक्टर) के खिलाफ जांच बैठ गई है। मामले में एसपी ने शाहबाद सीओ हर्षिता सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर दी है। कुछ दिन पहले करीब पांच महिला सिपाही एसपी के सामने हाजिर हुई थीं। उन्होंने एसपी को एक प्रार्थनापत्र दिया थाइसमें उन्होंने एसपी को बताया था कि टीआई उन्हें मानसिक रूप से परेशान करते हैं। उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। ड्यूटी प्वाइंट पर बाथरूम की सुविधा नहीं है तो वह इधर-उधर जाती हैं, तो इस पर भी टीआई आपत्ति जताते हैं। फिलहाल, मामले की जांच के लिए एसपी ने टीम गठित कर दी है।टीम में सीओ हर्षिता सिंह के साथ ही महिला थानाध्यक्ष रजनी द्विवेदी भी है। मामले में आरोप लगाने वाली महिला कांस्टेबल के जांच टीम बयान भी दर्ज कर रही है। प्रार्थनापत्र किसी के खिलाफ कोई भी दे सकता है। महिला कांस्टेबल की सुबह मैराथन में ड्यूटी लगा दी थी। शिकायत होने पर हमने एसपी को बताया था कि इमरजेंसी ड्यूटी लगा दी थी। अभद्र भाषा और अन्य आरोप गलत हैं। - विजेंद्र सिंह, टीआई टीआई के विरुद्ध महिला कांस्टेबल ने शिकायत की है। प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है। पूरे मामले की जांच करा रहे हैं। - विद्यासागर मिश्र, एसपी

# दो दोस्तों का आखिरी सफर: रामपुर में कार को दूसरे वाहन ने मारी टक्कर, बरेली निवासियों ने तोड़ा दम... मचा कोहराम

मुरादाबाद। रामपुर के धमोरा फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रामपुर के



शहजादनगर थाना क्षेत्र में लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार देर रात दिल्ली से बरेली लौट रही कार को अन्य वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार में सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बरेली के आलमगिरी गंज निवासी शोभित गोयल अपने दोस्त शोभित सक्सेना के साथ दिल्ली से दवा लेकर लौट रहे थे।धमोरा फ्लाईओवर के पास उनकी कार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन बरेली से रामपुर जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।बेटे की शादी का कार्ड देकर लौट रहे पिता की हादसे में मौत- शाहबाद में बेटे की शादी का कार्ड देकर घर लौट रहे बाइक सवार बरेली के मीरगंज निवासी राजेंद्र (50) की हादसे में मौत हो गई। वहीं, बाइक पर पीछे बैठा राजेंद्र का तहेरा भाई रामबहादुर को भी चोटें आई है। बाइक सवार की मौत से घर में चल रही शादी की तैयारी मातम में बदल गई। बरेली के मीरगंज के मोहल्ला ललितपुरी निवासी राजेंद्र के बेटे अजय की छह मार्च को शादी होनी है। वह बेटी की शादी का कार्ड देने बाइक से बदायूं के आसफपुर क्षेत्र में गए थे। बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े छह बजे राजेंद्र बाइक से अपने तहेरे भाई रामबहादुर के साथ आसफपुर से लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के समय शाहबाद के मंडी के पास स्थित पुराने पिक्चर हाल के सामने डंपर व टाटा मैजिक से ओवरटेक करते समय बाइक असंतुलित हो गई। जिससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इस बीच सड़क के ऊपर गिरे राजेंद्र के ऊपर से डंपर का पिछला पहिया उतर गया। जिससे उनकी मौत हो गई, जबकि रामबहादुर भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुर भेज दिया। साथ ही परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा विकास खण्ड डिलारी, कुन्दरकी, भगतपुर टांडा व मुरादाबाद में होंगे शिविर आयोजित, बटेंगे कृत्रिम अंग सहायक उपकरण

मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों ( कृत्रिम हाथ-पैर/कैलीपर्स, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एम0 आर0 किट एवं लेप्रोसी किट आदि प्राप्त कराए जाने के लिए चिन्हाकंन शिविरों का आयोजन जायेगा। जनपद में ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें विगत 03 वर्षो से योजना का लाभ प्राप्त नही हुआ है( छात्र/छात्राओं को प्रत्येक वर्ष ) कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के लिए चिन्हाकंन हेतु जनपद के विकास खण्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। सीडीओ ने बताया कि विकास खण्ड डिलारी, ठाकुरद्वारा एव नगरीय क्षेत्र ठाकुरद्वारा एवं ढकिया का शिविर दिनांक 03 मार्च 2025 को विकास खण्ड सभागार डिलारी में, विकास खण्ड कुन्दरकी, बिलारी एवं नगरीय क्षेत्र कुन्दरकी व बिलारी का शिविर दिनांक 04 मार्च 2025 को विकास खण्ड सभागार कुन्दरकी में, विकास खण्ड भगतपुर टांडा, मूढापाण्डे एवं भोजपुर नगर क्षेत्र का शिविर दिनांक 05 मार्च 2025 को विकास खण्ड सभागार भगतपुर टांडा में तथा विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद एवं नगर क्षेत्र मुरादाबाद, अगवानपुर, पाकबडा, उमरी कला एवं कांठ का शिविर दिनांक 06 मार्च 2025 को विकास खण्ड सभागार मुरादाबाद में आयोजित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

# एएसआई ने कोर्ट में कहा- मस्जिद में रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं, अदालत को दिए फोटोग्राफ

मुरादाबाद। कोर्ट ने एएसआई को मस्जिद की सफाई वह उगी हुई झाड़ियां को साफ करने का निर्देश दिया है। वहीं, मुस्लिम पक्ष ने एएसआई की जांच रिपोर्ट के खिलाफ ऑब्जेक्शन दाखिल करने के लिए समय लिया है। संभल जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग को



लेकर दाखिल अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एएसआई ने जांच रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई ) ने कहा है कि मस्जिद में रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है। जांच के दौरान मस्जिद में गंदगी व कुछ जगहों पर झाड़ियां उगी पाई गई हैं इसके फोटोग्राफ भी एएसआई ने कोर्ट में दाखिल किए हैं। अगली सुनवाई 4 मार्च को होगी।कोर्ट ने एएसआई को मस्जिद की सफाई व उगी हुई झाड़ियों को साफ करने का निर्देश दिया है। वहीं मुस्लिम पक्ष ने एएसआई की जांच रिपोर्ट के खिलाफ ऑब्जेक्शन दाखिल करने के लिए समय लिया है। हिंदू पक्ष ने भी एफिडेविट फाइल करने के लिए समय लिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 4 मार्च की तिथि नियत की है।संभल हिंसा मामले में आज अधिकारियों और पीड़ितों के होंगे बयान-उधर, संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल के मामले में बयान दर्ज करने के लिए न्यायिक जांच आयोग की तीन सदस्यीय टीम शुक्रवार को शहर में रहेगी। आयोग के सदस्य संभल के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आम लोगों के बयान दर्ज करेंगे। टीम के सदस्य शनिवार को भी जिले में रहेंगे और बवाल के दौरान मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों से भी बयान दर्ज करेंगे। मालूम हो जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल हो गया था। इसमें पांच लोगों की जान गई थी। 29 पुलिसकर्मी और कई लोग घायल हो गए थे। उपद्रवियों ने पुलिस पर फायरिंग की थी और आगजनी व तोड़फोड़ कर दी थी। इस घटना के चलते तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया था।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# हिंदू पक्ष का आरोप- मस्जिद कमेटी ने जानबूझकर स्वरूप बदला; ASI ने कुएं को बारीकी से देखा

मुरादाबाद।जामा मस्जिद कमेटी में जिस समय एएसआई की टीम पहुंची तो कुछ हिंदू समाज के लोगों ने कहा कि मुख्य गेट पर जामा मस्जिद कमेटी ने कुछ हिस्सा जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया है। यह स्वरूप बदलने का प्रयास किया जा रहा है। संभल जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एएसआई ने जांच रिपोर्ट दाखिल की ने कहा है कि मस्जिद में रंगाई-पुताई व कुछ जगहों पर झाड़ियां उगी पाई किए हैं। कोर्ट ने एएसआई को करने का निर्देश दिया है। वहीं हिंदू कमेटी ने कुछ हिस्सा जानबूझकर सुनवाई 4 मार्च को होगी। कल यानी पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई ) की दौरान जामा मस्जिद कमेटी के सदर पदाधिकारी भी साथ रहे। एहतियाती किए गए थे। एएसआई की टीम ने लिया था। एएसआई की टीम में जुल्फिकार अली, मेरठ सर्किल के शामिल रहे थे। हिंदू समाज के लोगों जामा मस्जिद कमेटी में जिस समय लोगों ने कहा कि मुख्य गेट पर जामा किया है। यह स्वरूप बदलने का पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।



है। रिपोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई ) की जरूरत नहीं है। जांच के दौरान मस्जिद में गंदगी गई हैं इसके साक्ष्य भी एएसआई ने कोर्ट में दाखिल मस्जिद की सफाई व उगी हुई झाड़ियों को साफ समाज के लोगों का कहना है कि जामा मस्जिद क्षतिग्रस्त किया है।हाईकोर्ट में मामले की अगली बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट के आदेश पर भारतीय टीम संभल जामा मस्जिद का सर्वे किया था। इस (प्रमुख) जफर अली एडवोकेट व अन्य तौर पर मस्जिद के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम करीब सवा घंटे तक मस्जिद की स्थिति का जायजा ज्वाइंट डायरेक्टर मदन सिंह चौहान, डायरेक्टर सुप्रीटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट विनोद सिंह रावत ने मस्जिद का स्वरूप बदलने का आरोप लगाया एएसआई की टीम पहुंची तो कुछ हिंदू समाज के मस्जिद कमेटी ने कुछ हिस्सा जानबूझकर क्षतिग्रस्त प्रयास किया जा रहा है। एहतियाती तौर पर आरोप लगा रहे लोगों को मौके से वापस भेज दिया गया। दरअसल मस्जिद के मुख्य गेट पर जो आकृति बनी है। उसका कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। जामा मस्दिज कमेटी के सदर का कहना है कि कुछ हिस्सा खुद ही गिर गया है। इसकी मरम्मत कराई जाएगी। मस्जिद के गेट पर स्थित कुएं की स्थिति को टीम ने खुलवाकर देखा एएसआई की टीम ने मस्जिद के गेट पर स्थित कुएं को भी खुलवाकर देखा। टीम ने काफी देर तक बारीकी से इस कुएं को लेकर भी आपस में मंथन किया। इस कुएं के अधिकार को लेकर राज्य सरकार और जामा मस्जिद कमेटी के बीच का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने बताया कि कुएं को देखने के लिए टीम ने कहा था। इसलिए ताला खुलवाकर टीम को कुआं दिखाया गया है। शहर में शांति कायम है- एसपी संभल-संभल एसपी केके बिश्नोई ने कहा, शहर में शांति कायम है। पुलिस कर्मी और पीएसी की उचित तैनाती है। जुम्मे की नमाज के लिए सभी लोग अलर्ट हैं। कोर्ट के आदेश को जमीनी स्तर पर पूरी तरह लागू करना पुलिस का कर्तव्य है और हम ऐसा करेंगे।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
अपना प्रदेश
www.knlslive.com
01 March 2025


# सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा बड़ा हनुमान मंदिर सिविल लाइंस पर विशाल हुआ भंडारा

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- सनातन धर्म सेवा समिति के मीडिया प्रभारी हर्ष अग्रवाल ने बताया कि अमावस्या के उपलक्ष में बड़ा हनुमान मंदिर सिविल लाइंस पर समिति द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी प्राप्त किया आगे जानकारी देते हुए अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल एडवोकेट ने बताया की समिति सनातन धर्म के उत्थान के लिए लगातार कार्य करती रहती है कभी वृद्ध लोगों को भोजन कभी पशुओं को आहार और हर महा अमावस्या पर भंडारे का आयोजन आदि सेवा कार्य समय समय पर होते रहते है इस शुभ अवसर पर समिति के मीडिया प्रभारी हर्ष अग्रवाल उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल महासचिव राजीव अग्रवाल मिश्री वाले कोषाध्यक्ष प्रमोद मित्तल जी रोहित अग्रवाल अग्रवाल ब्रदर्स प्रदीप अग्रवाल ठेकेदार सुनील अग्रवाल राजेश गुप्ता पप्पू शुभम अग्रवाल आदि अनेक सेवादार उपस्थित रहे ।।



# 21 लाख रुपये मूल्य की 1.5 किलो अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। जिले की फरीदपुर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 किलो 492 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 21 लाख रुपये आंकी जा रही है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन ने इसे नशा तस्करों के खिलाफ एक अहम जीत बताया है। गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर भारी मात्रा में अफीम लेकर जा रहे हैं। इस इनपुट के आधार पर थाना फरीदपुर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की और तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। तलाशी के दौरान उनके पास से 1 किलो 492 ग्राम अफीम बरामद हुई। तीनों अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे और इसे अन्य जगहों पर सप्लाई करने की फिराक में थे। पुलिस अब इनसे जुड़े अन्य नेटवर्क और तस्करी के रूट का भी पता लगाने में जुटी है। इस पूरे मामले पर बरेली एसपी साउथ ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अलर्ट बरेली पुलिस लगातार नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कस रही है। हाल ही में कई अन्य मामलों में भी बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे ऑपरेशन जारी रहेंगे ताकि जिले को नशामुक्त बनाया जा सके। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# शमशान भूमि के रास्ते की पहल में उतरीं समाजसेविका सुनीता गंगवार

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।नवाबगंज के ग्राम नौवा नगला में 14 सालों से शमशान भूमि को जाने वाले रास्ते का विवाद चल रहा था। विवाद के चलते वह रास्ता नहीं बन पा रहा था।ग्रामीणों ने पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्षा रोहिलखंड प्रांत आम आदमी पार्टी उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार से संपर्क किया। श्रीमती गंगवार ने सही तरीके से सरकारी तंत्र द्वारा नपत करवा के ग्रामीणों को भी समझा कर उस विवाद को खत्म करते हुए रोड निर्माण की प्रक्रिया को आरंभ करवा दिया। सुनीता गंगवार ने कहा इस तरह की समस्याएं प्रत्येक ग्राम में हैं लोग राजनीति करने के लिए ऐसे विवादों को जन्म देते हैं।उस पर राजनीति करते रहते हैं। जिसकी वजह से आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया संस्था अध्यक्ष ने इस तरह के कई विवाद कई ग्रामों से खत्म करवाए हैं। जिससे ग्रामीण बेहद खुश हुए हैं। शुक्रवार को नौवा नगला में गांव के लोग बेहद खुश नजर आ रहे थे । जिसे आज तक कोई तक कोई खत्म नहीं कर सका।उसे सुनीता गंगवार ने कहा साफ नीयत और निष्पक्ष बात कहने की हिम्मत लोग नहीं जुटा पाते हैं। जिसकी वजह से यह विवाद बने हुए हैं। लेखपाल कानूनगो व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हर्ष के साथ यह कार्य संपन्न हुआ। प्रधान ने तत्काल नपत के पश्चात रोड निर्माण की कार्यवाही आरंभ कर दी।



# पीएसी का जवान , दूसरी शादी के लिए बना हैवान

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली- 8वीं वाहिनी पीएसी में तैनात सिपाही रवि कुमार प्यार में डूबे पति ने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए 3 लाख रुपये की सुपारी दी, और उसे जहरीले इंजेक्शन देकर मरवा डाला। हत्या को लूट का रूप देने की कोशिश भी की गई, लेकिन पुलिस की पैनी नजरों से कातिल बच नहीं सके। सनसनीखेज खुलासे के बाद पुलिस ने महज 24 घंटे में तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार । बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की यह घटना रिश्तों को शर्मसार करने वाली है। मृतका के पिता जगदीश ने दामाद रवि कुमार पर हत्या का शक जताया, और जब पुलिस ने जांच की, तो जो सच सामने आया उसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। रवि कुमार की शादी 2015 में हुई थी और उसके तीन बेटियां थीं। बेटियों के जन्म के बाद वह पत्नी को बोझ समझने लगा और उसे भूत-प्रेत के साए का बहाना बनाकर झाड़-फूंक कराने लगा। इसी बीच वह दूसरी महिला के प्रेमजाल में फंस गया और अपनी पत्नी से छुटकारा पाने के लिए मौत का जाल बनाने लगा। 22 फरवरी 2025 को रवि कुमार ने पत्नी को प्लॉट दिखाने के बहाने फरीदापुर बुलाया। वहाँ पहले से मौजूद शातिर डेंटर शानू और नर्सिंग असिस्टेंट जतिन ने कार में ही महिला को काबू में कर लिया। जतिन ने अपने मेडिकल नॉलेज का खतरनाक इस्तेमाल करते हुए महिला की गर्दन और शरीर में कुल 7 जहरीले इंजेक्शन उतार दिए, जिससे कुछ ही मिनटों में उसकी तड़प-तड़पकर मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद आरोपियों ने हत्या को लूट का रूप देने की साजिश रची। शानू ने मृतका के गहने लूट लिए और रवि कुमार ने अपने दोस्त को फोन कर नकली लूट का नाटक किया। खुद को भी मामूली चोट पहुंचाकर ड्रामा रचने की कोशिश की, लेकिन आरोपी पुलिस की तेज नजरों से बच न सके । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बनी टीम ने 27 फरवरी को बिथरी चैनपुर पुल के नीचे से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल इंजेक्शन, सिरिंज, मृतका के कुंडल , मंगलसूत्र एवं आरोपियों की बाइक बरामद की हैं




# मुंडिया बॉलीबॉल क्लब द्वारा दो दिवसीय डे नाइट आल इंडिया वालीबाल टूर्नामेंट का खुर्रम बेग ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

क्यूँ न लिखूँ सच-सुमित गुप्ता

बरेली देवरनिया। मुंडिया बॉलीबॉल क्लब द्वारा दो दिवसीय आल इंडिया डे नाईट वालीबाल टूर्नामेंट का बीती रात पूर्व विधायक सुल्तान बेग के पुत्र शाहबाज बेग उर्फ खुर्रम बेग ने फीता काटकर शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।पहला बॉलीबॉल महा मुकाबला खटीमा की टीम और बदायूं की टीम के बीच हुआ जिसमें खटीमा की टीम विजय हुई। और दूसरा रोमांचक मुकाबला मुंडिया जागीर की सी टीम और शक्ति फार्म की टीम के बीच हुआ इसमें मुंडिया जागीर की सी टीम विजय हुई। तीसरा मुकाबला मुंडिया जागीर की ऐ टीम और धौंरा की टीम के बीच हुआ इस रोमांचक मुकाबले में धौंरा की टीम विजय रही। मुंडिया बॉलीबॉल क्लब कमेटी के अध्यक्ष नदीम अंसारी, व छोटू अंसारी,सभासद खालिद अंसारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पूर्व विधायक सुल्तान बेग के पुत्र शाहबाज बेग उर्फ खुर्रम बेग का फूल मालाओं के साथ तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। इस दौरान रिजवान भाई, एडवोकेट शहाबत इदरीसी,फरमान अंसारी,नदीम बिल्लोजी, और कमेटी सदस्य मो अरशद उर्फ छोटू अंसारी,मो शाहिद अंसारी,मो अरशद,अजीम अंसारी,अयान अंसारी,मो दानिश ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया



# 05 मार्च तक उद्योग केन्द्र में सी0एम0युवा योजना के ऋण स्वीकृति हेतु लगेंगे शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच

उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने अवगत कराया कि गत दिनों आहूत डी0एल0आर0सी0 की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सी0एम0युवा योजना की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि अत्यधिक मात्रा में आवेदन स्वीकृति उपरान्त ऋण वितरित नहीं हो पाये है तथा आवेदन पत्र बैक स्तर पर लम्बित पडे हुये है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये है कि जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र बदायूँ में कैम्पो का आयोजन करते हुये बैकर्स तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी को बुलाकर औपचारिकताये पूर्ण कराते हुये 02 मार्च 2025 तक प्रत्येक दशा में जनपद को प्राप्त लक्ष्य 500 को पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में बैकर्स के साथ कैम्पो की तिथि निर्धारित की गई हैं। इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक का 27 फरवरी 2025 को, पंजाब नेशनल बैंक का 28 फरवरी को शिविर लगाए जा चुके हैं तथा बैंक ऑफ बड़ौदा का 01 मार्च को, प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक नेकपुर का 03 मार्च,एच0डी0एफ0सी0 का 04 मार्च एवं अन्य बैंकों के शिविर 05 मार्च को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र आंवला रोड सालारपुर में आयोजित किए जाएंगे। जनपद के ऐसे सभी युवा जिनके द्वारा सी0एम0युवा योजना में आवेदन किया गया है उन लाभार्थियो को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित बैंक की तिथि के अनुसार, अपने साथ आवश्यक प्रपत्र जैसे कुटेशन, जगह अगर किराये पर है तो किराया नामा, उद्यम आधार पंजीरकण व जमा मार्जिन मनी की रसीद के साथ उक्त दिनांको में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र आवंला रोड सालारपुर बदायूँ में उपस्थित होने का कष्ट करें। इन निर्धारित तिथियों में सम्बन्धित बैंक के शाखा प्रबन्धको के साथ-साथ जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेगें।




प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# पुण्यतिथि पर याद किए गए,भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा। नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज, पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय रिठौरा,खाता,कलापुर,कलारी में शुक्रवार को आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने बच्चों को श्री प्रसाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बचपन से लेकर राष्ट्रपति बनने तक की बातें विस्तार से बताते हुए, उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस दौरान डॉ हरमीत सिंह, दीपिका बनर्जी, डॉ शिखा अग्रवाल, एकता सक्सेना , राजेश कुमार शर्मा, दीपाली सक्सेना सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।



# विद्यालय में लगा विज्ञान बाल मेला,बाल वैज्ञानिकों ने बनाए विभिन्न मांडल

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा। विकास खंड बिथरी चैनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बंजरिया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों जैसे ऋतु परिवर्तन चक्र, रेडियो, आधुनिक कृषि यंत्र, जैसे विभिन्न माडल तैयार किए। जिनके अवलोकन के लिए ए0 आर0 पी 0 भगवान दास,शीला गंगवार, शान्ती स्वरूप सागर,सुरजेश सागर, कृष्ण अवतार सक्सेना, सुखेन्द्र,सुदिक्ष्णा आर्य,गुलफिसां शशीलता, डॉ जैनेन्द्र कुमार,अजय सिंह, रामकिशोर, लालता प्रसाद का प्रधानाचार्य डॉक्टर विनय गौतम ने सभी को बुके देकर सम्मानित किया।इस दौरान शिक्षिकों ने बच्चों द्वारा बनाए गये माडलों को सराहते हुए आज के बदलते परिवेश में विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।



# दो छात्राओं ने दी गृहविज्ञान की परीक्षा, दर्जन भर कर्मी लगे ड्यूटी में

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा।नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को प्रथम पाली में इण्टरमीडिएट गृहविज्ञान की परीक्षा हुई। जिसमें पूरे केन्द्र पर गृहविज्ञान की पंजीकृत दो छात्राओं ने परीक्षा दी उनकी व्यवस्था में स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट प्रीति केन्द्र व्यावस्थापक आशीष कुमार सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक वेदप्रकाश, परीक्षा प्रमुख डाक्टर हरमीत सिंह, कुसुम गंगवार, रघुवीर सरन, लोकेश कुमार, राजेश द्विवेदी कक्ष निरीक्षक विमलेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। वहीं द्वितीय पाली में कृषि विज्ञान में पंजीकृत 52 छात्रों में 47 ने परीक्षा दी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# युवक पर जानलेवा हमला, बांके से किए ताबड़तोड़ बार कर किया घायल, अस्पताल में भर्ती

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। आंवला के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के फुफेरे भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। बांके से ताबड़तोड़ हमला होने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का अस्पताल में उपचार जारी है। रिठौरा क्षेत्र के मोहल्ला काहरान के रहने वाले युधिष्ठिर कश्यप आंवला के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के फुफेरे भाई हैं। गुरुवार को युधिष्ठिर शाम साढ़े आठ बजे चाट का ठेला लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में होली चौराहा के निकट पड़ोस के रहने वाले युवक ने बेटों के साथ मिलकर बांके से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। जिसके चलते युधिष्ठिर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे घर वालों को धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन घायल को नवाबगंज सीएचसी ले गए। पीड़ित के बेटे दीपक ने थाना हाफिजगंज में आरोपियों के खिलाफ मामले की लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष हाफिजगंज पवन कुमार सिंह ने बताया कि अभी प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है। मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद रिठौरा पुलिस चौकी पर भीड़ जमा हो गई।

# आयुष्मान भारत योजना को राजधानी में भी लागू कर रहे, दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

दिल्ली सरकार की तरफ से पेश हुए वकीलों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 24 दिसंबर 2024 के फैसले के खिलाफ दायर याचिका को वापस लेने की मांग की, जिसकी सुप्रीम कोर्ट पीठ ने स्वीकृति दे दीदिल्ली सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में बताया कि वे राष्ट्रीय राजधानी में भी पीएम आयुष्मान भारत योजना को लागू करने जा रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस पीके मिश्रा की पीठ के समक्ष दिल्ली सरकार ने यह सबमिशन दिया। इसके बाद दिल्ली सरकार की तरफ से पेश हुए वकीलों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 24 दिसंबर 2024 के फैसले के खिलाफ दायर याचिका को वापस लेने की मांग की, जिसकी सुप्रीम कोर्ट पीठ ने स्वीकृति दे दी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिया था समझौता करने का आदेश- दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में दिल्ली सरकार को 5 जनवरी तक दिल्ली में पीएम आयुष्मान भारत योजना लागू करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ एमओयू ( ज्ञापन समझौता ) करने का आदेश दिया था। इस पर तत्कालीन आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को अपने आदेश में उच्च न्यायालय के एमओयू करने के निर्देश पर रोक लगा दी थी। गौरतलब है कि हालिया विधानसभा चुनाव में दिल्ली में आम आदमी पार्टी को हराकर भाजपा सत्ता पर काबिज हो गई है, जिसके बाद दिल्ली में भी पीएम आयुष्मान भारत योजना के लागू होने का रास्ता साफ हो गया। आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने नहीं लागू की थी योजना-दरअसल दिल्ली में भी पीएम आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की मांग वाली याचिका उच्च न्यायालय में दायर की गई थी। इस पर दिल्ली सरकार ने कहा था कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में 529 मोहल्ला क्लीनिक चल रहे हैं, जबकि पीएम आयुष्मान भारत योजना ग्रामीण भारत के लोगों के लिए डिजाइन की गई है। हालांकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि जब देश के सभी राज्यों में पीएम आयुष्मान भारत योजना लागू है तो दिल्ली में भी इसे लागू किया जाना चाहिए और ऐसा न करना दिल्ली के लोगों से अन्याय होगा।

# एनक्यूएएस में कम प्रगति पर डीएम ने दिए इंसेंटिव रोकने के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच

आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी से सरकारी अस्पतालों का नियमित रूप से निरीक्षण कराने के लिए कहा। उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड धारकों के लिए सरकारी अस्पतालों में अलग से लाइन लगवाने तथा सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर व कार्मिकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जननी सुरक्षा योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए पाया कि में 53113 डिलीवरी के सापेक्ष 49024 लाभार्थियों कोई भुगतान हो पाया है, 4089 को अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए लाभार्थियों को समय से भुगतान के कराने के लिए कहा। डीएम ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक ( एनक्यूएएस ) अंतर्गत 70 से कम स्कोर वाले चिकित्सालय में संबंधित चिकित्सक आदि के परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव को रोकने के निर्देश भी दिए।




जनपद में 10 लाख 96 हजार 174 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य था जिनमें से 07 लाख 69 हजार 275 बनाए जा चुके हैं जो की उपलब्धि का 70.18 प्रतिशत है वही 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 9805 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। डीएम ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने सरकारी चिकित्सालयों में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने ई-संजीवनी पोर्टल के कार्यों की समीक्षा करते हुए सबसे कम प्रगति वाले 06 मेडिकल अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्य में सुधार लाने के लिए कहा। उन्होंने डीपीआरओ से परिषदीय विद्यालयों में बच्चियों के लिए बनाए गए शौचालयों को क्रियाशील कराने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने ई0सी0आर0पी0 के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 06 बैडेड यूनिट बनवाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए पाया कि 10 जगह कार्य होने थे जिसमें से दो जगह असरासी व शाहजदनगर में कार्य प्रारंभ हो गया है वहीं 15वें वित्त आयोग से कराए जाने वाले निर्माण कार्यों में 21 उपकेंद्र बनाए जाने हैं जिनमें से तीन का निर्माण पूर्ण होकर हस्तगत भी हो गए हैं, शेष के लिए बजट की मांग की गई है। डीएम ने बैठक के दौरान पाया कि 104 निजी चिकित्सालय स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीकृत हैं। उन्होंने सभी निजी चिकित्सालयों का विवरण आमजन की सुविधा के लिए एनआईसी की वेबसाइट पर संपूर्ण जानकारी के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि डाटा को नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा की तथा सभी संबंधित चिकित्सकों व स्वास्थ्य व अन्य विभागों के कार्मिकों का प्रशिक्षण समय से कराने के लिए कहा। इस अवसर पर परिवार नियोजन, ई-कबच, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित अन्य बिन्दुओं पर बारी-बारी से चर्चा की गई व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ0 कप्तान सिंह, जिला महिला चिकित्सालय डॉ0 इंदुकांत वर्मा, डॉक्टर मनोज झा सहित अन्य अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डब्ल्यू0एच0ओ0 व यूनिसेफ के प्रतिनिधि, एम0ओ0आई0सी0 सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा की मुश्किलें बढ़ीं: कोर्ट के सामने पेश होने के निर्देश, अन्य आरोपियों को भी समन

हाईकोर्ट ने हाल ही में पूर्व सीएम येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत दी थी। बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट ने येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया था। मुकदमे में पहले उन्हें हाजिरी से छूट दी गई थी।कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में पेश होने को कहा गया है। पॉक्सो मामले की अदालत ने इस संबंध में आदेश दिया है। अगली सुनवाई पहली फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सह-आरोपी वाईएम अरुणा, रुद्रेश और मारुलासिद्धैया जी. मरिस्वामी को भी समन जारी किया है। इन सभी को उसी दिन पेश होने के लिए कहा गया है।हाईकोर्ट ने हाल ही में पूर्व सीएम येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत दी थी। बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट ने येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया था। मुकदमे में पहले उन्हें हाजिरी से छूट दी गई थी।हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा था-इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा था। हाईकोर्ट ने एक नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो केस को खारिज करने से मना कर दिया था और मामले को ट्रायल कोर्ट में वापस भेज दिया था। हालांकि, इसके साथ ही कोर्ट ने येदियुरप्पा को आंशिक राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया था। जस्टिस नागप्रसन्ना ने ही पहले येदियुरप्पा को गिरफ्तारी के खिलाफ अंतरिम संरक्षण दिया था। येदियुरप्पा पर क्या लगे हैं आरोप?- बीएस येदियुरप्पा पर भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के साथ-साथ बाल यौन अपराध संरक्षण ( पॉक्सो ) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला पिछले साल 14 मार्च को 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर दर्ज किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने दो फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी में अपने आवास पर एक भेंट के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के लिए पोक्सो अधिनियम की धारा 8 और भारतीय दंड संहिता ( आईपीसी ) की धारा 354 ( ए ) के तहत येदियुरप्पा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।



# परिवार के वित्तीय ऋण की वजह से हुई वारदात, सामूहिक हत्याकांड में पुलिस को संदेह

अफान ने 24 फरवरी को कथित तौर पर अपनी 88 वर्षीय दादी, 13 वर्षीय भाई, प्रेमिका, मामा और मामी की हत्या कर दी थी। उसने अपनी मां पर भी बेरहमी से हमला किया था, लेकिन वह बच गई और फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। अफान को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया और उसे अपनी दादी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।केरल बड़ा अपडेट सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार वेंजारामूडू में हुए इस जघन्य हत्याकांड के पीछे वजह हो सकती है। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस बताया कि आरोपी अफान ( 23 ) के परिवार



की हत्या के सिलसिले में 13 मार्च में सामूहिक हत्याकांड को लेकर को बताया कि पांच दिन पहले परिवार के वित्तीय ऋण एक बड़ी अधिकारी ने एक टीवी चैनल को पर 65 लाख रुपये से अधिक का कर्ज था। अब तक की जांच में यह साफ है कि वित्तीय समस्याओं के कारण ही उसने हत्याएं कीं।दादी, भाई, प्रेमिका, मामा और मामी की हत्या कर दी थी अफान ने 24 फरवरी को कथित तौर पर अपनी 88 वर्षीय दादी, 13 वर्षीय भाई, प्रेमिका, मामा और मामी की हत्या कर दी थी। उसने अपनी मां पर भी बेरहमी से हमला किया था, लेकिन वह बच गई और फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। अफान को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया और उसे अपनी दादी की हत्या के सिलसिले में 13 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।वित्तीय लाभ भी हो सकता है मकसद अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक हत्या के पीछे का मकसद पूरी जांच के बाद ही पता लगाया जा सकता है। हालांकि, दादी के सोने के हार को उसने पैसे के लिए गिरवी रखा था और उससे मिली राशि का इस्तेमाल कुछ कर्ज चुकाने में किया था, इसलिए उस मामले में मकसद वित्तीय लाभ प्रतीत होता है। ड्रग एंगल सहित अन्य सभी परिस्थितियों की जांच- अधिकारी ने यह भी कहा कि इन हत्याओं में किसी ड्रग एंगल सहित अन्य सभी परिस्थितियों की जांच की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि परिवार भारी वित्तीय बोझ के कारण परेशान पर था। ऐसे में आत्महत्या की वजह यह होने की संभावना ज्यादा है। अधिकारी ने कहा कि अफान ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने अपनी प्रेमिका को भी मार डाला, क्योंकि उसकी योजनाबद्ध आत्महत्या के बाद वह अकेली हो जाएगी। मनोवैज्ञानिकों से संपर्क कर रही पुलिस- अधिकारी ने यह भी कहा कि पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति को समझने के लिए मनोवैज्ञानिकों से संपर्क कर रही है। इसके अलावा अन्य मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से भी मदद ली जा रही है। अफान के पिता शुक्रवार को केरल पहुंचे- इस बीच अफान के पिता शुक्रवार को केरल पहुंचे और अपने रिश्तेदारों से मिले। क्या है मामला?- हत्याएं तीन अलग-अलग जगहों पर हुईं, जो दो पुलिस थानों वेंजरामूडु और पैंगोडे के अंतर्गत आती हैं। गुरुवार को पैंगोडे पुलिस थाने के अंतर्गत किए गए अपराध के लिए गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने कहा कि अन्य मामलों में गिरफ्तारियां बाद में की जाएंगी। वारदात को अंजाम देने के बाद अफान वेंजरामूडु में पुलिस के सामने पेश हुआ और उसने भयानक कृत्यों को कबूल कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में बबूल के पेड़ में लटकता मिला युवक का शव

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। भिनगा क्षेत्र के जिगीरिया गांव निवासी 20 वर्षीय युवक का शव नहर की पटरी के किनारे लगे बबूल के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा क़र पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भिनगा क्षेत्र के हर्रिया तराई के जिगीरिया गांव निवासी शिव दयाल पाण्डेय का 20 वर्षीय पुत्र जगदीश कुमार घर से अचानक कही चला गया। उसका शव जानकी नगर गांव के पास स्थित नहर की पटरी के किनारे लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला। वहा से गुजर रहें ग्रामीणों ने शव लटका देखा। इसके बाद घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लक्ष्मणपुर चौकी इंचार्ज जगत राम मौर्य ने शव को पेड़ से उतरवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया की अभी इस सम्बन्ध में कोई तहरीर नहीं है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# चिप संकट खत्म, अब जारी होने लगेंगे ड्राइविंग लाइसेंस

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। सारी प्रक्रिया पूरी करने के काफी समय बाद भी जिले के करीब ढाई हजार लोगों के हाथ में ड्राइविंग लाइसेंस नहीं आया है। अब इनके लिए राहत भरी खबर है। स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस लगने वाले चिप की आपूर्ति मार्च में शुरू हो जाएगी। अप्रैल से उनके पास लाइसेंस पहुंचने शुरू हो जाएंगे। जिले में औसतन सौ से ज्यादा लोग रोज परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। इन्हें परिवहन विभाग अब विशेष प्रकार के चिपयुक्त स्मार्ट लाइसेंस जारी करता है जो लखनऊ में प्रिंट होते हैं। वैसे तो 30 दिन में डाक से लाइसेंस आवेदक के घर पहुंचने का प्रावधान है लेकिन चिपयुक्त स्मार्टकार्ड की आपूर्ति यूक्रेन से होती है जो वहां युद्ध की वजह से काफी समय से प्रभावित है, इसलिए ढाई हजार से ज्यादा लोगों को सारी प्रक्रिया पूरी होने के कई महीने बाद भी लाइसेंस नहीं मिल पाए हैं। परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक अब चिपयुक्त स्मार्टकार्ड की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। मार्च से ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने का काम पटरी पर आ जाने की उम्मीद है। लाइसेंस के लिए आवेदन किया है तो चेकिंग से न डरें एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह के मुताबिक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन के बाद चेकिंग के दौरान आवेदक अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दिखा सकता है। जिन लोगों के लाइसेंस पोर्टल पर शो हो रहे हैं, वे इसे डिजिटल लॉकर में सुरक्षित कर सकते हैं। इसे दिखाकर भी चालान से बचा जा सकता है। लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जारी जिले में करीब चार महीने स्मार्ट डीएल नहीं जारी हो रहे हैं लेकिन विभाग ने लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जारी रखी है। इस कारण लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। परिवहन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि करीब ढाई हजार लोगों का ब्योरा स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए लखनऊ भेजा जा चुका है लेकिन चिप की कमी से लाइसेंस प्रिंट नहीं हो सके हैं।

# महरौली पुरातत्व पार्क में नए निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, दरगाह के 700 साल पुराने होने का दावा

सरकार की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि %हमें देखने दीजिए कि कौन सा ढांचा नया है और कौन सा पुराना% ।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने एक आदेश में दिल्ली स्थिति महरौली पुरातत्व पार्क में किसी भी नए निर्माण और मरम्मत के काम पर रोक लगा दी है। इनमें कथित तौर पर 700 साल पुरानी आशिक अल्लाह दरगाह और सूफी संत बाबा फरीद की चिल्लागाह भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की सदस्यता वाली पीठ ने जमीर अहमद जुमलाना की याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में महरौली पुरातत्व पार्क में स्थित धार्मिक ढांचों को बचाने की मांग की गई है।याचिकाकर्ता का दावा- 700 साल पुरानी है दरगाह याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वकील निधेश गुप्ता ने अपने दावे के पक्ष में पुरातत्व विभाग की स्टेट्स रिपोर्ट पेश की, जिसमें कहा गया है कि ये धार्मिक ढांचे करीब 700 साल पुराने हैं और पुनर्निर्माण से इनकी ऐतिहासिकता प्रभावित होगी सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई को साइट प्लान बनाने का निर्देश दिया है ताकि अतिक्रमण न हो सके। वहीं सरकार की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि %हमें देखने दीजिए कि कौन सा ढांचा नया है और कौन सा पुराना% ।डीडीए पर लगाए आरोप याचिका में कहा गया है कि दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी अतिक्रमण हटाने के नाम पर इन संरचनाओं को ध्वस्त करने की योजना बना रही है। 8 फरवरी के अपने आदेश में दिल्ली उच्च न्यायालय ने एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता वाली धार्मिक समिति से इस मामले पर विचार करने को कहा था। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ जुमलाना ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है और उनका दावा है कि एलजी की अध्यक्षता वाली समिति इस मामले पर फैसला लेने के लिए सही नहीं है।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव ने आज जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजीव सरन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक खरे एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण में माननीय जिला जज महोदय ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी ( न्यायमित्र ) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये। मा0 जनपद न्यायाधीश के द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जिन विचाराधीन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं एवं जमानतगीर के अभाव में जेल में रिहा नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे बन्दियों की सूची कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अविलम्ब उपलब्ध कराये जिससे कि उनकी रिहाई सम्भव हो सके।इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री नीरज देव, उप कारापाल श्री अरविन्द सिन्हा व श्री अमर सिंह, जेल चिकित्सक डॉ0 राहुल बर्मन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।




# माटी कला जागरूकता कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत जालौन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच-नीरज कुमार

महाप्रबधंक महोदय, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड लखनऊ के आदेश के क्रम में माटीकला विपणन विकास सहायता एवं प्रचार प्रसार योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद स्तर पर माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 28.02.2025 को जिला पंचायत परिसर जालौन स्थान उरई में किया गया। उक्त कार्यक्रम डा0 घनश्याम अनुरागी जी मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत जालौन स्थान उरई की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें डा0 घनश्याम अनुरागी जी मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत एवं राजेन्द्र कुमार श्रीवास मुख्य विकास अधिकारी तथा आयोजक डी0आर0प्रेमी प्रबंधंक ग्रामोद्योग / जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सत्त स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढावा देने हेतु खादी ग्रामोद्योगी इकाईयों की स्थापना हेतु जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में ग्रामोद्योगी इकाईयों स्थापित किये जाने पर चयनित ग्राम प्रधानों को जनपद स्तर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा चेक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही माननीयों द्वारा 35 विद्युत चालित चाक का निःशुल्क वितरण किया गया। जिसमें जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के कर्मचारी धीरेन्द्र वर्मा, गठित समिति-रतन गढ माता माटीकला सहकारी समिति लि0 पचीपुरा कला कोंच के सदस्य मनोहर प्रजापति तथा श्यामकरन जिला महामंत्री सहकारी संघ मिनौरा जालौन, छेदा लाल प्रजापति जिला अध्यक्ष प्रजापति समाज जालौन एवं अन्य माटीकला शिल्पी कार्यक्रम में उपस्थित रहें। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डी0आर0प्रेमी जी द्वारा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, माटीकला टूल किट्स योजना, माटीकला योजना से सम्बन्धित विस्तार से जानकारी दी गयी। तथा छेदा लाल प्रजापति जिला अध्यक्ष प्रजापति समाज, अशोक कुमार प्रजापति जिला महामंत्री, श्यामकरन प्रजापति, कृष्णा प्रजापति पूर्व संगठन मंत्री प्रजापति समाज द्वारा माटीकला के कार्य करने के लिए जानकारी दी गयी तथा साथ ही हस्तशिल्पियों को उत्साहवर्धन किया गया।




# समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं जगतबंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा हेल्थ चेकअप मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच-राकेश गुप्ता

शामली- शुक्रवार को समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं जगत बंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए द्वितीय फ्री मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प एवम् सफेद मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन शामली के कस्बा बनत में किया गया। कैम्प में 340 मरीजों की जॉच की गई जिनमे से 24 मरीजों को सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, कैम्प में श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों एवं बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर के विशेषज्ञों के द्वारा सभी मरीजों की नि्शुल्क जॉच की गई, एवं सभी मिरीजी को फ्री दवाईयां भी वितरित की गई, सभी मोतियाबिंद के चयनित मरीजों का ऑपरेशन संस्था द्वारा श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून में फ्री कराया जाएगा। कैम्प में संस्था के अध्यक्ष अमन नामदेव जी ने बताया की संस्था का उद्देश्य गरीब बेसहारा व्यक्तियो तक अच्छी स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराना है, संस्था निरंतर समाज कल्याण के कार्यों में अग्रसर है। शिविर में उपस्थित रहे श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून के ब्रांड एंबेसेडर श्री सुमित प्रजापति जी ने कहा कि श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून के माध्यम से महंत देवेंद्र दास जी महाराज के आशीर्वाद से अभी तक 45000 से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों की आंखों के फ्री ऑपरेशन कराए जा चुके है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से लोगों की सेवा करने असीम सुख की अनुभूति होती है। कैम्प में उपस्थित रहे संस्था के जिला अध्यक्ष संदीप उपाध्याय, नमन नामदेव, चिराग नामदेव, आकाश जैन, डॉ प्रशांत शर्मा आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामले से जुड़ी याचिका खारिज, कोर्ट ने पूछा- 200 मौतों के दावे का क्या सबूत?

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में दावा किया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भगदड़ के दौरान करीब 200 मौतें हुई थीं। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता यह दावा कर रहा है कि राज्य सरकार इस मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर रही हैसुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर लगी याचिका खारिज कर दी है। याचिका में याचिकाकर्ता आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने दलील दी थी कि रेलवे प्रशासन मौतों की वास्तविक संख्या को छिपा रहा है, जो 18 बताई गई थी। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भगदड़ के दौरान करीब 200 मौतें हुई थीं।कोर्ट ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता यह दावा कर रहा है कि राज्य सरकार इस मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर रही है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि 200 मौतों के कथित दावे का क्या सबूत है? याचिकाकर्ताओं के वकील की संक्षिप्त सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रभावित लोगों को कोर्ट में आना चाहिए।वकील ने कहा कि यह याचिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम और भीड़ प्रबंधन के लिए प्रासंगिक नियमों के उचित कार्यान्वयन के लिए दायर की गई थी। याचिका में मामले से जुड़े सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायत के साथ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। इससे पहले 19 फरवरी को दिल्ली उच्च न्यायालय ने रेलवे से अधिकतम यात्रियों की संख्या तय करने और प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री की जांच करने को कहा था। ये मुद्दे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल ही में हुई भगदड़ को लेकर उसके समक्ष दायर एक जनहित याचिका में उठाए गए थे। हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारियों से अपने हलफनामे में इन मुद्दों पर लिए गए निर्णयों की जानकारी देने को कहा था। 15 फरवरी की घटना- दरअसल, 15 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले लोगों की भारी भीड़ थी साथ ही अन्य यात्री भी थे। दो ट्रेनों के लेट होने के चलते भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ मच गई। यह पूरी घटना महज 10 मिनट में घटी और प्रशासन की लापरवाही और यात्रियों में दुविधा के चलते इतना बड़ा हादसा हो गया। सरकार ने किया था मुआवजे का एलान- सरकार ने नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान किया था। रेलवे की ओर से मुआवजे का एलान किया गया था। रेलवे ने बताया था कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, हादसे में गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। हादसे की जांच के लिए समिति का गठन-रेलवे ने भगदड़ की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन कर दिया। समिति में नरसिंह देव पीसीसीएम/उत्तर रेलवे और पंकज गंगवार, पीसीएससी उत्तर रेलवे को शामिल किया गया था।

# डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच

जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस का मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बाह्य मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की गई की जा रही निगरानी को देखा। डीएम ने बताया कि ईवीएम एवं बताया कि इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन ( ई0वी0एम0 ) तथा वोटर का समय-समय पर माननीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों के उन्होंने बताया कि वेयरहाउस में 24 घंटे पुलिस बल तैनात है तथा उन्होंने वेयरहाउस मे आगंतुक पंजिका पर हस्ताक्षर भी किए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आए। इस शर्मा, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद



व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों से वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने वेरिफियवल पेपर ऑडिट ट्रेल ( वी.वी.पैट ) मशीनों क्रम में बाह्य व आंतरिक निरीक्षण किया जाता है। वहां सीसीटीवी कैमरो से भी निगरानी की जा रही है। वेयरहाउस में की गई व्यवस्थाओं से मान्यता प्राप्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# हमलावर गिरफ्तार, हंसिया बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम अड्वापुर भगवानपुर बनकट स्थित एक शराब ठेके के पास अभियुक्त नीवरे चौहान फुजराम एवं विन्दा शिवकुमार सिंह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अभियुक्त नीवरे चौहान ने जान से मारने की नियत से हसिये से गोविन्द के गले पर वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल गोविन्द को प्राथमिक उपचार हेतु सरकारी अस्पताल इकौना लाया गया, जहां से उसे हालत गंभीर होने के कारण मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। पीड़ित के परिजनों द्वारा थाना इकौना में दी गई तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त नीवरे चौहान को मौके से ही पीआरवी टीम की मदद से जस्ता के बीच से सुरक्षित हिरासत में लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया एवं पटना में प्रयुक्त हसिया वरामद किया गया।

# पिरामल फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच -वीरेंद्र कुमार वर्मा

श्रावस्ती पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से जमुनहा विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा में महिला सहायता समूह को आपदा प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान रीता वर्मा ने की। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो, विकास नागरपोले ने महिला समूह के सदस्यों को संबोधित किया और आपदा प्रबंधन के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने सी.पी.आर ( कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन ), सर्पदंश और जल बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी, जिससे महिलाएं किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया दे सकें। महिलाओं को मिला आपदा से निपटने का व्यावहारिक ज्ञानप्रशिक्षण सत्र के दौरान महिलाओं ने आपदाओं से बचाव और सामुदायिक सहायता के विभिन्न उपायों को सीखा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आपदा प्रबंधन के नए कौशल और जानकारी से लैस करना था, ताकि वे न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने समुदाय की भी सहायता कर सकें। पिरामल फाउंडेशन की इस पहल से महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दिया है, जिससे वे किसी भी संकट की स्थिति में प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी।

# 13 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बीती रात खांवा खुर्द गांव में छापेमारी की। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सतीश मिश्रा,, वन दरोगा अजय कश्यप और वन रक्षक रत्नेश शामिल थे। टीम ने गांव निवासी सीताराम पुत्र स्वामी दयाल के घर से 13 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की। बरामद लकड़ी को थाने लाया गया और वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस और वन विभाग की टीम अवैध लकड़ी कटान और तस्करी पर सख्त नजर रखे हुए है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल एक की हालत गंभीर

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। बौद्ध परिपथ पर प्लैटिनम होटल श्रावस्ती के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। जिसे गंभीरावस्था में सीएचसी से मेडिकल कालेज बहराइच रेफर किया गया है। जनपद बहराइच थाना विशेश्वरगंज ग्राम हथमरवा निवासी जिया अपने साथी आरिफ के साथ बाइक से बलरामपुर जा रहे थे। सामने से आ रहा अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही चौपहिया वाहन चालक वाहन लेकर भाग गया। राहगीरों ने घायलों को एंम्बुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने बाइक चालक जिया की हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। घायल साथी आरिफ को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# 'Show ke bade shaadi pakka...' Faisal Shaikh dating Jannat Zubair, Farah Khan gave a big hint

Faisal Shaikh is currently seen as a contestant in Celebrity MasterChef. He is winning the hearts of the judges with his cooking skills. Interestingly, the social media influencer is also in the news for his personal life. There is a rumor on social media that he is dating content creator Jannat Zubair. Faisal is dating Jannat Farah Khan told the inside story- Revealed in Celebrity MasterChefSocial media influencer Faisal Shaikh, also known as Mr. Faisu, is currently appearing in Celebrity MasterChef. The actor is showcasing his cooking skills. The actor has a lot of followers on social media. Faisal dating Jannat Zubair- Apart from this, he also remains in the headlines for his personal life. There have been rumours for a long time that Faisal is in a relationship with TV actress Jannat Zubair. Jannat is seven years younger than him. The two have often been seen together, but neither of them has ever publicly confirmed their relationship. But after a hint, it seems that Farah Khan has confirmed the news of their dating. Faisal prepared the dish - In a recent episode, Faisal Sheikh was in the team with Deepika Kakkar in the Partner Challenge. During this, both of them make a healthy dish. Faisal prepares this dish without using dates, after which Vikas Khanna asks him, 'Where are the dates?' To this Farah jokingly says, 'He does not have dates.' Chef Ranveer Brar says from behind, 'Faizu is so busy that he does not have time for dates.' After this, Farah praises the dish prepared by Faisal and says that she was joking. Now mummies will start asking you what else you can make better? I will get you married - Farah Faizu says, 'Yes, after this show I will definitely get married.' To this Farah replies, 'After this show I will definitely get you married, I will take you on a tour of Jannat.' Hearing the name Jannat from Farah's mouth, Faizu starts blushing. Deepika standing nearby also starts clearing her throat as if she also knows everything. Mr. Faizu and Jannat Zubair have worked together in many projects. They also share many photos with each other on social media, due to which fans are guessing that they are dating each other.



# 'Kayde Mein Raho...', Salman Khan's these amazing dialogues before Sikandar were whistled a lot

The official teaser of Salman Khan's upcoming film Sikandar has been released. The actor has such amazing dialogues in this film that have made the fans crazy with just the teaser. However, even before Sikandar, Salman Khan's films have had so many powerful and iconic dialogues on which fans were forced to whistle. Teaser of upcoming film Sikandar released Sikandar is going to be released on Eid this year Salman Khan's dialogues in Sikandar are amazing The amazing teaser of Salman Khan's much awaited film Sikandar has been released. The first glimpse of his film was revealed in the month of December and after two months its official teaser was released. In the first glimpse, the actor stunned with his action and in the second with his dialogues. In the 1 minute 21 seconds video, Salman showed powerful action and spoke amazing dialogues in every scene. Sikandar's teaser has been viewed by 28 million people within a day. It is trending on YouTube. Sikandar's dialogues are more in discussion among people than its action scenes. Sikandar's dialogues... Grandmother named him Sikandar, grandfather named him Sanjay and the people named him Raja Sahab. I have come to clear the world, not to do justice. Stay within the rules, stay in profit, otherwise live in the crematorium or graveyard. I have so much popularity, I will become a policeman by giving the IPS exam and a leader without giving any exam, don't force me to do development, son. Even though fans have gone crazy after watching Salman Khan's dialogues in Sikandar, but even before this Bhaijaan has spoken many such iconic dialogues which became his identity. These dialogues are still on the lips of fans. Hum Dil De Chuke Sanam, if you keep looking at me like this, you will fall in love with me. Wanted - Once I make a commitment, I don't even listen to myself. Bodyguard - Do me a favor, don't do me any favor. Tiger is alive- Everyone hunts but nobody hunts better than Tiger. Kick- Don't think so much about me, I come in your heart but you don't understand. You are after the devil, the devil is after you, too much fun. Sultan- Nobody can defeat you, until you lose to yourself. Salman Khan's upcoming films Salman Khan's upcoming film Sikander, produced by Sajid Nadiadwala, is going to hit the theatres on Eid this year. Although he has done cameos in Singham Again and Baby John, he will be seen doing action on the big screen after about one and a half years. Apart from this, his upcoming films also include films like Kick 2, The Bull and Tiger vs Pathan.






# Kangana Ranaut will not have to fight a legal battle with Javed Akhtar, shared the first post after the case is over

Bollywood actress Kangana Ranaut and Javed Akhtar have reconciled in the legal matter. The B Town actress herself has given this information through a social media post. Not only this, she has also praised Javed. Let us know what was the reason for the whole dispute between the two. Kangana and Javed reconciled in the legal matter Kangana Ranaut posted for Javed Akhtar - The actress told whether they will work together Bollywood actress Kangana Ranaut is known for speaking her mind openly. Even after starting her political journey, she openly talks on every subject. The actress's legal dispute with Javed Akhtar started five years ago. Finally, now actress Kangana has shared a post giving a big update related to this case. Writer and lyricist Javed Akhtar, who has written many great songs in the film world, is known for saying his words with precision. The duo of Salim and Javed has also given many big films to Hindi cinema. A legal dispute with Kangana Ranaut started in the year 2020, which both have now ended by mutual agreement. Why was a defamation case filed against Kangana? It was the year 2016, when the dispute between Kangana Ranaut and Hrithik Roshan came out in the public. During this, in an interview, Kangana mentioned a meeting with Javed Akhtar. Let us tell you that Javed sahab is considered close to the Roshan family. When Kangana mentioned her meeting with Javed on TV, he filed a defamation case against the actress, which both of them have now resolved together. Kangana posted for Javed Akhtar After the settlement in the legal matter, Kangana Ranaut has shared a post on Instagram. In this, she has written a special note for Javed Akhtar. The actress wrote on Instagram story, Today Javed ji and I have together resolved our legal matter (defamation case) through mediation. In this entire process, Javed ji showed a very kind and humble nature. Not only this, he has also agreed to write songs for my next film. The actress has also shared a picture during this time, in which both are seen in the courtroom and laughing while posing for the camera. For now, it will be interesting to see for which film of Kangana Javed Akhtar writes songs. Talking about Kangana's films, her movie Emergency was released in theaters in January 2025, for which people have also praised her work.